तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **हिम्मत सिंह गहलोत** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 35352255O519039	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10/10/25	अपीलार्थी हिम्मत सिंह गहलोत निवासी सुलिया बाग चोखा बाइपास रोड, चौपासनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 10.08.2025 को दिनांक 26.07.2025 को स्पीड पोस्ट डाक संख्या ER274314656IN के से जिला कलक्टर जोधपुर को अवैध निर्माण के खिलाफ शिकायत भेजी गई पर जिला कलक्टर जोधपुर द्वारा की गई ATR रिपोर्ट की प्रमाणित प्रतिलिपि संबंधित सूचनाऐ एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) जरिये पत्रांक 970 दिनांक 15.09.2025 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध में प्रभारी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क शाखा कार्यालय हाजा द्वारा कुल 7 पृष्ठ की सूचना प्रेषित की गई तथा उक्त सूचना पत्र दिनांक 03.09.2025 के द्वारा अपीलार्थी को ऑनलाईन प्रेषित की गई तथा प्रार्थी के सूचना के बिन्दु संख्या 1 से 3 व 5 के संबंध में दिनांक 26.07.2025 को जिला कलक्टर जोधपुर को प्रेषित प्रार्थना पत्रों की प्रतियां एवं स्पीड पोस्ट की रसीदें संलग्न नही होने से सूचना दिया जाना संभव नही है, जिससे अपीलार्थी को पत्र राजकाज रेफ. 17540443 दिनांक 03.09.2025 से अवगत कराया गया। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.10.10 16:39:47 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
18272263